आइआइएम रांची का कॉन्वोकेशन 24 को, 305 स्टूडेंट्स होंगे शामिल

ranchi@inext.co.in

RANCHI (21 Feb) : भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम), रांची का 10वां दीक्षा समारोह 24 फरवरी को होगा. पुंदाग स्थित आइआइएम, रांची के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में आयोजित दीक्षा समारोह का शुभारंभ अपराह्न 3 बजे से होगा. समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जनजातीय कार्य मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम का आयोजन आनलाइन एवं आफलाइन दोनों माध्यमों में किया जाएगा. सोमवार को संस्थान की ओर से बताया गया कि दीक्षा समारोह में चार प्रोग्राम के अंतर्गत कुल 305 छात्र शामिल होंगे. जिनमें एमबीए में 203, एमबीए-एचआर में 72, एक्जिक्यूटिव एमबीए में 24 एवं पीएचडी के छह विद्यार्थी शामिल होंगे. एमबीए,

बांटे जाएंगे उपाधि प्रमाण पत्र, योग्यता प्रमाण पत्र एवं पदक

एमबीए-एचआर एवं एक्जिक्यूटिव एमबीए के तहत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 'बोर्ड आफ गर्वनर चेयरमेन मेडल', द्वितीय स्थान पर आने वाले को 'डायरेक्टर्स मेडल' एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले उत्तीर्ण विद्यार्थियों को 'प्रोग्राम चेयरपर्सन मेडल' दिए जाएंगे. वहीं, पीएचडी छात्रों के बीच उपाधि प्रमाण पत्र एवं अन्य विद्यार्थियों में योग्यता प्रमाण पत्र एवं पदकों का वितरण किया जाएगा. बताया गया कि एकेडमिक प्रोसेसन के बाद दीप प्रज्जवलित कर दीक्षा समारोह का शुभारंभ किया जाएगा. सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रगीत के पश्चात निदेशक द्वारा स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन प्रस्तुति की जाएगी. उसके बाद उत्तीर्ण विद्यार्थियों के बीच उपाधि प्रमाण पत्र, योग्यता प्रमाण पत्र एवं पदकों का वितरण किया जाएगा.

iNext_22.02.2022_Pg. 05